Total No. of Printed Pages—3

1 SEM FYUGP MINHIN1

2023

(December)

HINDI

(Minor)

Paper : MINHIN1

(लोकसाहित्य)

Full Marks : 80

Pass Marks : 24

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'लोक' शब्द संस्कृत के किस धातु से निष्पन्न हुआ है?

(ख) कृष्णदेव उपाध्याय ने 'फोकलोर' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है?

(ग) किसके प्रयास से 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्थान की स्थापना कलकत्ता में हुई थी?

(घ) लोकसाहित्य को प्रधानतया कितने भागों में बाँटा गया है?

(ङ) पावस ऋतु के समय गाये जाने वाले गीत को किस नाम से जाना जाता है?

(च) डॉ० सत्येन्द्रनाथ शर्मा ने असमिया लोकगीतों को कितने भागों में विभाजित किया है?

(छ) 'तेजीमाला' किस प्रदेश की प्रमुख लोककथा है?

(ज) 'आई नाम' का हिन्दी अर्थ क्या होता है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) लोकसाहित्य के किन्हीं चार भेदों के नाम लिखिए।

(ख) लोकसाहित्य के संग्रहकर्ता के चार बाह्य साधनों के नाम बताइए।

(ग) 'बैलेड' के लिए 'गाथा' शब्द की सार्थकता पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

(घ) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने वर्ण्य विषय की दृष्टि से लोककथा को कितने वर्गों में बाँटा है? किन्हीं चार का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) डाक प्रवचन से आप क्या समझते हैं? संक्षेप में लिखिए।

(च) असमिया लोकगीत 'महोहो या मच्छर भगाने के गीत', विषय में अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×2=8

(क) सोहर

(ख) लोकगाथा

(ग) जिकिर

(घ) आजान फकीर की मालिता

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×4=48

(क) लोकसाहित्य को परिभाषित करते हुए इसके संकलन की समस्या एवं उसके समाधान पर प्रकाश डालिए।

(ख) लोकसाहित्य का वर्गीकरण करते हुए लोकगीत के वर्गीकरण करने की पद्धतियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) लोकगीत के भेदों का उल्लेख करते हुए संस्कार संबंधी लोकगीतों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(घ) लोककथा को परिभाषित करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) असमिया लोकगाथा (मालिता) को वर्गीकृत करते हुए चमत्कारमूलक मालिता एवं लौकिक मालिता के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मालिता का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(च) विभिन्न विद्वानों द्वारा दिए गए असमिया लोकगीत की परिभाषा का उल्लेख करते हुए 'बिहुगीत' को सोदाहरण लिखिए।

★★★